तापमान

अधिकतम 30.2 डिग्री

न्यूनतम 28.2 डिग्री

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 12 जुलाई 2024

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा


4

अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए बेहतर प्रबंधन के साथ कार्य करें : सीईओ




**प्रवेश सूचना**

| | |
|---|---|
| BMLT (3 years) लैब टेक्नीशियन डिग्री | DMLT (2 years) लैब टेक्नीशियन डिप्लोमा |
| DXRT (3 years) एक्स - रे टेक्नीशियन | O.T. (1 years) ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन |
| D.Pharma (3 years) डी.फार्मा | Ophthalmic ass. (2 years) नेत्र सहायक |

साध्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस

कुनकुरी 7580834000

अम्बिकापुर 7440435000


**खबर संक्षेप**

### आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति के लिए आज निविदा

**जशपुरनगर।** आदिम जाति कल्याण विभागान्तर्गत जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों, प्रयास आवासीय विद्यालय एवं विभागीय छात्रावास-आश्रम तथा विशिष्ट संस्थाओं में वर्ष 2024-25 में लगने वाली आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति हेतु 28 फरवरी 2024 के द्वारा निविदा सूचना जारी किया गया था। उक्त निविदा 12 जुलाई 2024 को प्रातः 11 बजे कलेक्टर जशपुर के सभाकक्ष में खोली जाएगी। जिसमें उपस्थित होने के लिए संबंधित निविदाकारों को सूचित किया गया है कि अपने निविदा सामग्री के नमूना सहित निर्धारित तिथि को समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

### जिले में 01 जून से अब 191.8 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 01 जून से अब तक 191.8 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 11 जुलाई तक औसत वर्षा 292.8 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 1.2 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 138.0 मिमी, मनोरा में 259.2 मिमी, कुनकुरी में 257.1 मिमी, दुलदुला में 194.8 मिमी, फरसाबहार में 112.4 मिमी, बगीचा में 262.7 मिमी, कांसाबेल में 255.7 मिमी, पत्थलगॉव में 144.1 मिमी, सन्ना में 207.1 मिमी एवं बागबहार में 87.2 वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा बगीचा तहसील में दर्ज की गई है।

## कैसे होगी खरीफ की खेती किसान चिंतित

# बेवफा निकाला मानसून, खेतो में उड़ रही धूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मानसून को छत्तीसगढ़ में आए लगभग 20 से 25 दिन हो गए है। लेकिन सरगुजा संभाग के जशपुर जिले में अभी तक इतनी वर्षा नही हुई है कि किसान खेती का काम शुरू कर सके।

खेतों में जब तक पानी नहीं भरता तब तक धान की खेती नहीं की जा सकती है। लेकिन जिले के अधिकतर क्षेत्रो में मानसूनी बारिश नही होने के कारण खेतों में धूल उड़ रही है। शुरुआती मानसून की बारिश से लगा था की किसानों की चिंता खत्म हों गई लेकिन लगभग 4 दिन की रिमझिम बारिश के बाद मानसून ने अपना मुंह मोड़ लिया है।

⏭ शेष पेज 4 पर

**10 फीसदी ही हो पाया जलभराव**

| | |
|---|---|
| निमगांव | 10 फीसदी |
| सोगड़ा | 10 फीसदी |
| सरडीह | 30 |
| उडगांव | 35 |
| लवाकेरा | 10 |
| कोनपारा | 10 |
| अंकीरा | 45 |
| सजापनी | 50 |
| राजामुंडा | 10 |
| केरकछार | 40 |
| तमता | 40 |
| बलजोरा | 40 |
| बेलसोंगा | 10 |
| खमगड़ा | 30 |
| बालाझार | 50 |
| घरजियाबथान | 33 |



**10 सालो में कितनी हुई बारिश एक नजर**

| | |
|---|---|
| 2015 | 265.2 |
| 2016 | 255.7 |
| 2017 | 323.1 |
| 2018 | 278.3 |
| 2019 | 273.8 |
| 2020 | 438.5 |
| 2021 | 366.7 |
| 2022 | 130.9 |
| 2023 | 261.5 |
| 2024 | 202.2 |

### पिछले वर्ष की तुलना में 50 मिलीमीटर कम वर्षा

जलाशयों में ही नही पानी कैसे देंगे खेती के लिए, जलभराव के बाद की दिया जा सकता है पानी लेकिन कम बारिश के कारण नहीं हो सका है जलाशयों में जल भराव। जलभराव न होने के कारण जलाशयों के गेट नही खोले जा सकते पिछले साल की तुलना में इस वर्ष लगभग 50 मिलीमीटर वर्षा काम हुई हैजिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है।



घेरा बंदी कर आरोपियों तक पहुंची पुलिस।

## 52 पत्ती के साथ पांच जुआरी गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** ग्राम पतरापाली छिंदबहरी जंगल में जुआ खेल रहे पांच आरोपियों को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।

■ सैंतीस हजार सात सौ रुपए जब्त

गिरफ्तार आरोपियों से सैंतीस हजार सात सौ रूपए के साथ 52 पत्ती ताश व एक बेडसीट जब्त किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एसपी शशिमोहन सिंह को पतरापाली छिंदबहरी के जंगल

⏭ शेष पेज 4 पर

### पुलिस कर रही त्वरित कार्रवाई

जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को जुआ, सट्टा, अवैध शराब एवं अन्य अवैध गतिविधियों की शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया है। अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों की सूचना मिलने पर पुलिस त्वरित कार्रवाई कर रही है। सूचना देने वाले का नाम पूर्णतः गोपनीय रखा जाएगा एवं उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा।

**-शशि मोहन सिंह**, पुलिस अधीक्षक जशपुर

## कुनकुरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सिजेरियन ऑपरेशन शुरु



ऑपरेशन के बाद बच्चे के साथ चिकित्सकों की टीम।

**जशपुरनगर।** जिले में स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ हो रही हैं। जिला अस्पातॉल सहित स्वास्थ्य केन्द्रों में उन्नत उपचार सुविधाएं मिल रही है। इसी क्रम में आज कुनकुरी विकासखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक महिला का सफल सिजेरियन ऑपरेशन कर प्रसव कराया गया। जच्चा - बच्चा दोनों का स्वास्थ्य ठीक है। आपरेशन जिला चिकित्सालय जशपुर के स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.किशोर चौहान, एनेस्थीसिया डॉ.संदीप भगत, सीएचसी कुनकुरी के बीएमओ डॉ.किरंती कुजूर, पेडियाट्रिक डॉ.विकास कुमार सिंह, जिला चिकित्सालय एवं सीएचसी कुनकुरी के स्टॉफ द्वारा किया गया। सिजेरियन के बाद मा एवं बच्चा स्वस्थ्य है।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन कल

**जशपुरनगर।** माननीय उच्चतम न्यायालय में 13 जुलाई 2024 को पूर छ्ग के समस्त न्यायालय में "नेशनल लोक अदालत आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार 13 जुलाई 2024 को नेशनल लोक अदालत सम्पूर्ण देश के साथ-साथ जिला जशपुर में तालुका स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में राजीनामा योग्य करणों में पक्षकारों की आपसी सहमति व सुलह समझौता कर लोक अदालत में प्रकरणों के पक्षकारों की भौतिक तथा वर्चुअल दोनों ही माध्यमों से बैंक से संबंधित समस्त प्री लिटिगेशन के प्रकरण, विद्युत बिल, टेलीफोन बिल, न्यायालय में लंबित अपराधिक प्रकरण एवं मोटर दुर्घटना एमएसीटी, परिवार न्यायालय से संबंधित प्रकरण एवं राजस्व के प्रकरण सहित समस्त समरी प्रकरणों को उक्त नेशलन लोक अदालत में निराकरण किया जाना है।

## झिमकी की शासकीय उचित मूल्य दुकान तत्काल प्रभाव से निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

खबर का असर

एसडीएम ने खाद्य निरीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर ग्राम पंचायत झिमकी के सरपंच द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान के दुकान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही शासकीय उचित मूल्य दुकान झिमकी को ग्राम पंचायत पतराटोली के शासकीय उचित मूल्य दुकान में संलग्न कर हितग्राहियों को नियमानुसार राशन वितरण हेतु आदेशित किया है।

■ हितग्राहियों नियमानुसार राशन वितरण करने आदेश जारी

खाद्य निरीक्षक पत्थलगांव के द्वारा ग्राम पंचायत झिमकी के शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालनकर्ता एजेंसी ग्राम पंचायत झिमकी के सरपंच श्रीमती राजकुमारी पैंकरा के द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान के हितग्राहियों को राशन वितरण में अनियमितता बरतने, स्टॉक रजिस्टर प्रस्तुत नही करने, अभिलेख संधारण नही करने, मूल्य सूची बोर्ड अद्यतन नही करने तथा छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2016 के कंडिका क्रमांक 5 (24) (26), 13, 14, 15 का स्पष्ट उल्लंघन एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 ( 7 ) के तहत दण्डनीय होना पाये जाने से ग्राम पंचायत झिमकी के शासकीय उचित मूल्य दुकान क्रमांक (562008084) को निलबिंत कर समीपस्थ ग्राम पंचायत पतराटोली के शासकीय उचित मूल्य दुकान क्रमांक (562008062) में संलग्न करने हेतु प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार एसडीएम पत्थलगांव ने कार्यवाही की गई है।

**झिमकी का दुकान पतराटोली के शासकीय उचित मूल्य दुकान में संलग्न**


35 किलो की जगह आधा अधूरा वितरित कर रहा राशन

निःशुल्क राशन का मांगा 500 सौ रुपए, हितग्राही का रो-रो कर बुरा हाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

असहाय वृद्धा को साल भर से नहीं मिला राशन, पड़ोसी दे रहे खाना

मामले की जांच कराती हूं

कार्रवाई की जाएगी

11 जुलाई को हरिभूमि में प्रकाशित खबर।



## खबर संक्षेप

### कस्तूरबा की 4 छात्राओं ने ताइक्वांडो में जीता गोल्ड एवं सिल्वर मेडल



**अम्बिकापुर।** रायगढ़ में आयोजित प्रदेश स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय झिरमिट्टी की चार छात्राओं ने तीन गोल्ड व एक सिल्वर मेडल जीता है। मेडल जितने वाली छात्राओं में कुमारी कीर्ति सिंह, कुमारी निशा लकड़ा, कुमारी आकांक्षा सिंह प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल एवं कुमारी स्तुति सिंह ने द्वतीय स्थल पाकर सिल्वर मेडल जीता है। मेडल जीतने वाली छात्रा कीर्ति सिंह एवं स्तुति सिंह के पिता नहीं है वही निशा और आकांक्षा के पिता किसान है। छात्राएं आर्थिक रूप से काफी कमजोर है तथा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय उदयपुर में अध्यनरत हैं। प्रतियोगिता में विजय हासिल करने के बाद छात्राओं ने बगिया स्थित सीएम कैंप कार्यालय में मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

### नीट पेपर लीक के विरोध में एनएसयूआई ने निकाला मशाल जुलूस



**राजपुर।** नीट पेपर लीक को लेकर आज एनएसयूआई द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान एनएसयूआई के सोशल मिडिया जिलाध्यक्ष आदित्य विभु जायसवाल के नेतृत्व में नगर में मशाल जुलूस निकाला गया और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ नारेबाजी की गई। छात्र संगठन ने केंद्र शिक्षा मंत्री से इस्तीफे की मांग की। इस दौरान श्री जायसवाल ने बताया कि देश में 7 वर्षों के अंदर लगभग 70 बार पेपर लीक हो चुका है जिसकी जिम्मेदारी केंद्र की भाजपा सरकार और उनके शिक्षा मंत्री की है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। जुलूस के दौरान युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष पंकज यादव, विकास यादव, नितिन गुप्ता, अनुराग गुप्ता, सुरेश पन्ना, मनीष कश्यप, शुभम बघेल, लक्की भारती मनीष बघेल व कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### छात्र से मारपीट, प्रधान पाठक निलंबित

**सूरजपुर।** छात्र के साथ मारपीट करने के मामले में प्रधान पाठक को निलंबित कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि शासकीय प्राथमिक शाला धनुहारपारा के प्रधान पाठक आत्मादास मानिकपुरी द्वारा कक्षा पहली के छात्र से मारपीट की गई थी। इस घटना की शिकायत कलेक्टर, डीईओ से की गई थी। शिकायत के बाद मामले की जांच की गई। जांच के दौरान मारपीट की पुष्टि हुई। ऐसे में प्रधान पाठक द्वारा की गई मारपीट को शिक्षकीय गरिमा के विपरीत तथा अनुशासनहीनता की श्रेणी में माना गया है और प्रधान पाठक को प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में श्री मानिकपुर को विकासखंड प्रेमनगर का मुख्यालय छोडकर विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय प्रतापपुर निर्धारित किया गया है।

### आवास योजना में हितग्राहियों की दी गलत जानकारी, सचिव निलंबित

**सूरजपुर।** प्रधान मंत्री आवास योजना अंतर्गत पात्र अपात्र हितग्राहियों की गलत जानकारी देने के मामले में पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि गाम पंचायत पकनी व प्रभारी पंचायत सचिव रैसरा घनश्याम साहू द्वारा ग्राम सभा प्रस्ताव के माध्यम से प्रधान मंत्री आवास योजना अंतर्गत पात्र अपात्र हितग्राहियों के संख्या की जानकारी त्रुटिपूर्ण तरीके से प्रस्तुत की गई। इस मामले में पंचायत सचिव को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था लेकिन सचिव द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। ऐसे में पदीय कर्तव्यों, दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही करने के कारण पंचायत सचिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया हैं। निलंबित अवधि में कार्यालय जनपद पंचायत ओड़गी, जिला सूरजपुर नियत किया गया है ।

### पेड़ से गिरा ग्रामीण, उपचार के दौरान गई जान

**अम्बिकापुर।** पेड़ पर चढ़कर कटहल तोड़ रहा ग्रामीण पैर फिसल जाने से नीचे गिर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार जशपुर क्षेत्र के पोकड़ा थाना अंतर्गत ग्राम हेडकापा निवासी केलमेंट एक्का आ. स्व. अलविश एक्का (47 वर्ष) मंगलवार की सुबह गांव में घूमने निकला था। इसी दौराप गांव में पेड़ पर चढ़कर कटहल तोड़ने लगा तभी पैर फिसल जाने से नीचे गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। पेड़ के नीचे ग्रामीण को अचेत हालत में देख परिजन ने उसे संजीवनी 108 से कुनकुरी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## चिलचिलाती धूप में सूख रही खेतों की नमी

# सरगुजा में सामान्य से 67 फीसदी कम वर्षा मौसम की बेरूखी ने बढ़ाई किसानों की चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में मौसम की बेरूखी से संकट गहराते जा रहा है। सामान्य से बेहद कम वर्षा होने के कारण खरीफ खेती पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। जल्द अच्छी वर्षा नहीं हुई तो धान की रोपाई प्रभावित होगी।

**खास बात**
- कम वर्षा होने के कारण नहीं हो पा रही धान की रोपाई

मानसून पूर्व की वर्षा से उत्साहित कृषकों ने समय पर खरीफ खेती की तैयारियां पूरी कर ली है। बड़ी संख्या में किसानों ने धान का बीड़ा भी तैयार कर लिया है। विभिन्न क्षेत्रों के किसान अभी भी बीड़ा लगाने के लिए वर्षा होने का इंतजार कर रहे हैं। मक्का, दलहन एवं तेलहन फसलों की बुनाई पर तो खास प्रभाव नहीं पड़ा है लेकिन धान की खेती के लिए अभी पर्याप्त वर्षा नहीं हुई है। समय से लगाया गया धान का बीड़ा तैयार हो गया है लेकिन खेतों में पानी की कमी होने के कारण किसान धान की रोपाई नहीं करा पा रहे हैं। साधन संपन्न किसान ट्यूबवेल से खेतों की सिंचाई कर धान की रोपाई करा रहे हैं लेकिन वर्षा पर निर्भर किसानों की खेती अटक गई है। जल्द अच्छी वर्षा नहीं हुई तो धान की खेती पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा तथा खेती पिछड़ जाएगी। पिछले साल भी मानसून काफी विलम्ब से पहुंचा था लेकिन चालू सत्र से अधिक वर्षा हुई थी। छत्तीसगढ़ में समय पूर्व दस्तक देने के बावजूद इस बार भी मानसून विलम्ब से पहुंचा। हालत यह है कि विपरीत मौसमी घटकों के कारण इस बार न तो जून में ही वर्षा का कोटा पूरा हुआ न ही जुलाई के 10 दिनों में। सरगुजा में जून के महीने में औसत 221.1 मिमी जबकि जुलाई के शुरूआती 10 दिनों में औसत 115 मिमी वर्षा होती है। इस बार जून में मात्र 115.8 मिमी वर्षा हुई। जून में मानसून के कमजोर होने के कारण जुलाई में अच्छी वर्षा होने की उम्मीद थी लेकिन मानसून ने निराश किया। जुलाई के प्रारम्भ में मौसम में आए बदलाव से अच्छी वर्षा होने की उम्मीद लगाई जा रही थी लेकिन बादलों की आवाजाही में समय गुजर गया। पिछले चार दिनों से प्रायः हर दिन वर्षा हो रही है लेकिन वर्षा का आंकड़ा 1-2 मिमी से आगे नहीं बढ़ रहा है। ऐसी स्थिति अकेले सरगुजा जिले की नहीं है बल्कि संभाग के सभी जिले अल्प वर्षा से प्रभावित हैं। दक्षिणी छत्तीसगढ़ के जिलों में लगातार अच्छी वर्षा हो रही है वहीं उत्तरी छत्तीसगढ़ में लोग वर्षा की कमी से जूझ रहे हैं। अल्प वर्षा से खरीफ खेती पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है चिलचिलाती धूप निकलने के कारण खेतों की नमी तेजी से सूख रही है साथ ही गर्मी व उमस बढ़ गई है।



खेत में तैयार धान का बीड़ा।

**मानसून सीजन के 40 दिन पूरे**

वर्षा ऋतु 1 जून से शुरू होती है तथा 30 सितम्बर तक रहती है। इसे मानसून सीजन के नाम से परिभाषित किया गया है। इस दृष्टि से 40 दिन के मानसून सीजन का एक तिहाई समय पूरा हो गया है। इस अवधि में सरगुजा में अब तक सामान्य वर्षा 336.1 मिमी की तुलना में मात्र 133.6 मिमी वर्षा हुई है जो सामान्य से 67 फीसदी कम है। वर्षा की दृष्टि से सरगुजा संभाग में बलरामपुर की स्थिति ठीक है। बलरामपुर में औसत वर्षा 216.1 मिमी की तुलना में 230.5 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है जो सामान्य से 7 फीसदी अधिक है। जशपुर नगर में सामान्य वर्षा 378.0 मिमी की तुलना में 51 फीसदी कम 185.8 मिमी वर्षा हुई है। इसी तरह सूरजपुर में 278.8 मिमी की तुलना में 45 फीसदी कम 153.9 मिमी कम एवं कोरिया में 269.1 मिमी की तुलना में 171.5 मिमी वर्षा हुई है जो सामान्य से 36 प्रतिशत कम वर्षा हुई है।

**द्रोणिका की स्थिति बदलने का इंतजार**

मौसम विज्ञानियों के अनुसार वर्तमान में मानसून द्रोणिका अपनी सामान्य स्थिति में है तथा सरगुजा के ऊपर से गुजर रही है। मानसून द्रोणिका जैसलमेर, कोटा, शिवपुरी, डाल्टेनगंज, पुरूलिया होते हुए उत्तर पूर्वी बंगाल की खाड़ी तक सक्रिय है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार जहां से द्रोणिका गुजरती है वहां नाममात्र की वर्षा होती है जबकि द्रोणिका के ऊपरी एवं निचले हिस्से में अच्छी वर्षा होती है। मौसम विज्ञानी एसके मंडल ने बताया कि द्रोणिका की स्थिति में 24 घंटे के भीतर बदलाव आने की संभावना है। द्रोणिका की स्थिति बदलते ही सरगुजा में अच्छी वर्षा होगी एवं कमी पूरी हो जाएगी। मंगलवार को दोपहर में पहली बार मौसम कार्यालय द्वारा 66 मिमी वर्षा रिकार्ड किया गया है।



### 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सीटू ने जीएम कार्यालय में दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोयला श्रमिक संघ सीटू द्वारा को ग्यारह सूत्रीय मांगों को लेकर एसईसीएल क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव कर धरना प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

कोयला श्रमिक संघ सीटू के क्षेत्रीय अध्यक्ष जीएस सोढ़ी के नेतृत्व में ग्यारह सूत्रीय मांगों को लेकर महाप्रबंधक कार्यालय के मुख्य द्वार पर धरना प्रदर्शन किया गया। यहां पर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में संगठन द्वारा मांग किया गया है कि चार लेबर कोड को समाप्त किया जाए। मंहगाई पर रोक लगाई जाए। निजीकरण व ठेकाकरण पर रोक लगाई जाए, ठेका श्रमिकों को कम से कम 26 हजार रुपए वेतन व कम से कम 10 हजार रुपए पेंशन दिया जाए। कार्यस्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ठेकाकर्मियों को नियमित किया जाए, श्रमिकों को समान काम समान वेतन दिया जाए, ठेका श्रमिकों को समय पर वेतन भुगतान कराया जाए, खाली पड़े सरकारी पदों पर जल्द भर्ती प्रक्रिया पूर्ण कराई जाए, पुरानी पेंशन योजना को लागू किया जाए। इस दौरान आंदोलन में क्षेत्रीय अध्यक्ष जीएस सोढ़ी के अलावा ललन सोनी, जेपी पांडेय, शमीम अली, सनत कुमार, मनोज, अभय सिन्हा व अन्य उपस्थित थे।

### पिकअप चालक की पिटाई कर 12 हजार की लूट, मामला दर्ज

**अम्बिकापुर।** फल मण्डी में काम करने के बाद रात्रि में घर लौट रहे पिकअप चालक को बीच सड़क पर रोककर युवकों ने जमकर पिटाई की एवं उसकी जेब से 12 हजार रूपए लूटकर फरार हो गए। पीड़ित की रिपोर्ट पर गांधीनगर पुलिस ने आरोपी मोहित मालाकार पुत्र सुख मालाकार, अभय समद्दार सहित अन्य तीन के विरूद्ध धारा 296, 115, 351 के तहत मामला पंजीबद्ध किया है। पीड़ित डिगमा नेहरूनगर निवासी अंकित मण्डल आ. सुशांत मण्डल ने बताया कि 7 जुलाई को रात्रि 10.30 बजे वह पिकअप चलाकर घर जा रहा था। इस दौरान वाहन सवार आरोपियों ने बीच सड़क पर रोक गाली-गलौच व मारपीट करने लगे तथा जेब में रखा 12 हजार रूपए लूट कर फरार हो गए। मामले में पुलिस द्वारा सामान्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज करने पर पीड़ित ने एसपी से मिलकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया एवं सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

### लोहे के पोल समेत अन्य सामानों की चोरी तीन कबाड़ चोरों के विरुद्ध अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के सब स्टेशन, एक्सवेशन समेत कुमदा 7/8 खदान क्षेत्र से पोल व बेशकीमती कलपुर्जे चोरी क़र लेने मामले में पुलिस ने बुधवार को तीन लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि सोमवार को दिनदहाड़े एसईसीएल बिश्रामपुर के सब स्टेशन से एक्सवेशन वर्क शॉप स्थित डीजल डिपो को विद्युत सप्लाई के लिए बिछाए गए तीन नग बड़े लोहे के खंभे को कटर मशीन से काटकर चोरों ने पार कर दिया था। साथ ही वहां पड़े लोहे के पांच नग पाइप भी चुराकर अपने साथ ले गए थे।लोहे के खम्बों को काटकर पार करने की वजह से सोमवार को दिन भर प्रबंधन के डीज़ल डिपो स्थित विद्युत सप्लाई का कार्य बाधित रहा। देर शाम को प्रबंधन ने काटे गए पोल के जगह दूसरा पोल लगाकर पॉवर सप्लाई चालू कराया, जिसके बाद यहां व्यवस्था सामान्य हो पाई। मामले में एसईसीएल सुरक्षा विभाग के कन्हैया लाल पिता स्व. रामनारायण की रिपोर्ट पर पुलिस ने क्षेत्र के सक्रिय कबाड़ी कारोबारी पौवापारा झुग्गी निवासी नितेश सिंह समेत शनि बरई व डीपु बरई के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### ग्रामीण को जहरीले सांप ने काटा, मौत

**अम्बिकापुर।** जमीन पर सो रहे ग्रामीण को जहरीले सांप ने काट लिया। परिजन सर्पदंश पीड़ित को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम द्वारिका नगर निवासी नान सिंह आ. प्रेम सिंह (45 वर्ष) बीती रात अपने कमरे में जमीन पर सो रहा था। इसी दौरान देर रात जहरीले सांप ने उसे काट लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## परिसीमन के दौरान धारा 10-3 का नहीं किया पालन, इंजीनियर से लगवाई गई सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नगर निगम चुनाव से पहले किया गया परिसीमन विवादों में घेरे में आ गया है और अब इसे लेकर कांग्रेस सड़क से लेकर अदालत तक लड़ाई लड़ने के मूड में है। इसके साथ ही कांग्रेस ने फिर से आरोप लगाया है कि परिसीमन का कार्य भाजपा कार्यालय में किया गया और निगम के इंजीनियर से सील लगवाया गया। उन्होंने परिसीमन के दौरान अधिनियम की धारा 10/3 का खुलेआम उल्लंघन करने का आरोप लगाया है।

- कांग्रेस ने भाजपा पर लगाया आरोप, अधिकारियों पर दबाव में काम करने की शिकायत, जाएंगे न्यायालय

परिसीमन को लेकर कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान महापौर डॉ. अजय तिर्की ने कहा कि अधिकारियों द्वारा किए गए परिसीमन में अधिनियम की धारा 10/3 का उल्लंघन किया गया है। अधिनियम के तहत सभी वार्ड आपस में कसे हुए होने चाहिए लेकिन सभी वार्डों की सीमा बेतरतीब है। वार्ड बिखरे हुए है और इसका नुकसान जनता को भी उठाना पड़ेगा वहीं जनप्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र में विकास कार्य करने में दिक्कत होगी। ननि सभापति अजय अग्रवाल ने कहा कि नगर निगम के अधिकारियों द्वारा किए गए परिसीमन से संविधान व अधिनियम का मजाक उड़ाया गया है। परिसीमन शुरू होने के बाद शहर में लगातार इस तरह की चर्चा भाजपा के लोग कर रहे थे कि परिसीमन इस बार भाजपा के अनुरूप कराया जा रहा है। इसे लेकर कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा था और जब परिसीमन का प्रकाशन किया गया तो इस बात की पुष्टि हो गई कि परिसीमन प्रशासन के अधिकारियों द्वारा नहीं बल्कि राजनैतिक दल के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि परिसीमन के दौरान मैदानी अमला किसी भी वार्ड में नहीं गया। परिसीमन के दौरान वार्डों की सीमाओं, आबादी का अध्ययन नहीं किया गया। परिसीमन में सीमाओं का जो निर्धारण किया गया उसमें भी विसंगतियां है। ननि अधिकारियों का यह परिसीमन एक राजनैतिक दल को फायदा पहुंचाने के रूप में किया गया जहां से उन्हें वोट नहीं मिलेगा उस क्षेत्र को काटकर हटा दिया गया।

उन्होंने आरोप लगाया कि परिसीमन के दौरान किसने सर्वे किया, कौन से विभाग के लोग वार्ड में गए किस आधार पर आंकड़ा बनाया गया इसकी जानकारी नहीं है। वार्डों का जारी किया गया 2612 का आंकड़ा पूरी तरह से फर्जी है और इसकी जांच होनी चाहिए क्यों कि कहीं से दस्तावेज बनकर आए और उसे जारी कर दिया गया। निगम के इंजीनियर को सीमाओं व आंकड़ों की जानकारी नहीं है। भाजपा द्वारा लगाए गए आरोप पर सभापति अजय अग्रवाल ने कहा कि हम चुनाव से डर नहीं रहे है। पूरी ताकर से चुनाव लड़कर निगम में फिर से अपनी सरकार बनाएंगे लेकिन भाजपा को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि सत्ता में काबिज है तो अधिनियम का पालन करना होगा। नगर निगम के आयुक्त और इंजीनियर एक दिन वार्ड में नहीं गए इस लिए इस परिसीमन के खिलाफ सड़क पर लड़ाई लड़ेंगे और जरूरत पड़ी तो न्यायालय की शरण ली जाएगी। लोनिवि प्रभारी शफी अहमद ने कहा कि भाजपा नगर निगम चुनाव में सत्ता का खुला दुरूपयोग कर सत्ता में काबिज होना चाह रही है लेकिन हम दमखम से चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस को जनता का आशीर्वाद मिलेगा। भाजपा की नगर निगम सरकार में किस तरह सत्ता का दुरुपयोग किया गया सभी जानते है और प्रमाणित शिकायत देने के बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होती थी। भाजपा ने अधिकारियों पर भी बस्तर भेजने का दबाव परिसीमन के दौरान बनाया लेकिन उन्हें किसी के दबाव में आने की जरूरत नहीं है। इस दौरान वरिष्ठ नेता जेपी श्रीवास्तव, ब्लॉक अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, द्वितेन्द्र मिश्रा, दीपक मिश्रा, जीवन यादव आदि मौजूद थे।




**वार्डों की जनसंख्या में गड़बड़ी**

पत्रकारों से चर्चा के दौरान महापौर डॉ. अजय तिर्की, सभापति अजय अग्रवाल, शफी अहमद ने कहा कि चुनाव आयोग ने अधिनियम की धारा 10/3 का पालन करते हुए 2011 की जनगणना अनुरूप हुई जनसंख्या वृद्धि को देखते हुए परिसीमन करने के निर्देश दिए थे। नियम के अनुसार वार्डों की सीमाएं सामान और आपस में कसी हुई होनी चाहिए थी लेकिन इसका पालन नहीं हुआ। 2011 के जनसंख्या को आधार माना गया है लेकिन कोई जनगणना राज्य, केंद्र सरकार द्वारा नहीं कराया गया है इस लिए वास्तविक आंकड़ा किसी के पास नहीं है। परिसीमन में रामानुज वार्ड ढाई किलोमीटर दूर नमनाकला रिंग रोड में जाकर समाप्त हो रहा है। वार्ड नंबर 21 में 7 से 8 सौ मतदाता जोड़ दिए गए और एक भी नाम नहीं काटा गया। यदि 2019 के परिसीमन में इस वार्ड की आबादी 2608 थी तो 800 लोगों को जोड़ने के बाद फिर से 2618 कैसे हो सकती है। विवेकानंद वार्ड में आबादी पूर्व में 2604 थी और 500 लोगों को काटने के बाद नए परिसीमन में आबादी 2608 कैसे हो सकती है। वार्ड क्रमांक 8 में 500 लोगों को काटा गया और एक भी नाम नहीं जोड़े तो फिर वर्तमान में वार्ड की संख्या औसत 2607 कैसे है। इसी तरह आंकड़ों की गड़बड़ी कमरे में बैठकर अधिकारियों द्वारा सभी वार्डों में की गई है।

## जल-जीवन मिशन व बिजली की समस्याओं को लेकर जिपं अध्यक्ष ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

क्षेत्र के ग्राम पंचायतों की विद्युत व पेयजल सहित चार सूत्री मांगों को लेकर ग्रामीणों ने जिपं अध्यक्ष राज कुमारी मरावी एवं जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष शिव भजन सिंह मराबी के नेतृत्व में एसडीएम को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है।

जिला पंचायत अध्यक्ष राज कुमारी मरावी एवं कांग्रेस उपाध्यक्ष शिव भजन मरावी ने बताया कि शासन ने हाथी प्रभावित ग्राम पंचायत परमेश्वरपुर, हरिहरपुर व धूमाडांड़-कोड़ाकु पारा में एक वर्ष पूर्व नए ट्रांसफार्मर लगाने की स्वीकृति प्रदान की थी। जिसके लिए ठेकेदार ने पोल गाड़ने का काम तो पूरा कर दिया परंतु ट्रांसफार्मर लगाने के काम में कोई रुचि नहीं दिखा रहा है। ठेकेदार की लापरवाही के कारण ट्रांसफार्मर न लगने से रात दिन जंगली हाथियों की आवाजाही वाले ग्रामीण क्षेत्र अंधेरे में डूबे रहते हैं। इसके अलावा लंबे समय बीत जाने के बावजूद प्रतापपुर विकासखंड के 70 प्रतिशत गांवों में अभी तक नल से जल देने का कार्य पूर्ण नहीं हो सका है। ग्राम पंचायत बरपटिया में तो नल से जल देने के लिए अभी तक पानी टंकी का निर्माण भी शुरू नहीं हो सका है। जल जीवन मिशन के कार्य को समय सीमा में पूर्ण न करने वाले ठेकेदार पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ठेकेदार व संबंधित विभाग के अधिकारी सिर्फ कागजों में ही कार्य पूर्ण दिखाकर खानापूर्ति करने में लगे हुए हैं। कई गांवों में तो ठेकेदार कार्य को अधूरा छोड़कर गायब है। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि जल्द ही ग्रामीण क्षेत्रों में समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो धरना प्रदर्शन कर चक्का जाम किया जाएगा।



**तारापानी में अधूरा पड़ा है टंकी निर्माण**

ग्राम पंचायत चांचीडांड़ के तारापानी में जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे टंकी निर्माण को ठेकेदार ने अधूरी हालत में छोड़ रखा है। इसके अलावा तारापानी में दो सोलर पंप लगे हुए थे जिसमें एक खराब था तथा दूसरे को विभागीय कर्मचारी निकालकर ले गए थे। जिसके कारण ग्रामीणों को नदी का पानी पीना पड़ रहा था। शिकायत के बाद खराब पड़े सोलर पंप को तो बना दिया गया परंतु तारापानी में निवासरत कोड़ाकू समुदाय के आधे परिवारों को ही पानी मिल पा रहा है। बाकी के परिवार सोलर पंप न लगने से अभी भी नदी का ही पानी पीने को मजबूर हैं।

### हाईवा की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**बतौली/सेदम।** राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर सड़क दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रहा। बीती रात भी हाईवा वाहन के चालक ने लापरवावही पूर्वक चलाते हएु बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत झरगवां निवासी राजेश्वर राम नायक आ. वेदराम (28 वर्ष) बाइक क्रमांक सीजी 15 सीवी 9968 से गावं के ही मंदीप (24 वर्ष) के साथ बतौली किसी काम के सिलसिले में आया था। रात लगभग 11 बजे दोनो बाइक से घर जा रहे थे और जैसे ही ग्राम झरगंवा मोड़ से पहले राजस्थान ढाबा के समीप पहुंचे तभी सामने से आ रहे एल्युमिनियम फैक्ट्री सिलसिला में चलने वाली तिवारी बिल्डकॉन हाइवा क्रमांक सीजी 15 ए सी 2356 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी। हाईवे के नीचे फंसे गए बाइक सवार राजेश्वर दूर तक घसीटता चला गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक मंदीप गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया है जहां घायल का उपचार जारी है।

## शिवनंदनपुर को नगर पंचायत नहीं बनाने पर किया जाएगा आंदोलन : ललित

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर को नगर पंचायत का दर्जा दिलाए जाने का मामला अब दिनों दिन गहराता जा रहा है। नगर पंचायत गठन को लेकर जहां एक पक्ष द्वारा अपनी आपत्ति दर्ज कराई गई है, वहीं दूसरी ओर के पक्ष द्वारा इसका समर्थन करते हुए नगर पंचायत गठन नहीं होने की स्थिति में आंदोलन करने की बात कह रहा है। प्रदेश सत्तापक्ष भाजपा के वरिष्ठ नेता ललित गोयल ने बताया कि ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर को नगर पंचायत का दर्जा दिलाए जाने हेतु लंबे अरसे से सामूहिक प्रयास किया जा रहा है, जिसमें अब कुछ चंद लोगों द्वारा अपनी आपत्ति दर्ज कराई जा रही है, जो कि पूर्णतः अनुचित है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर की वर्तमान में जनसंख्या 16,500 है और 5,600 मतदाता हैं। यहां पर अनुसूचित जनजाति के लोगों की करीब 1100 जनसंख्या है, जबकि वर्ष 2011 के जनगणना के अनुसार शिवनंदनपुर की जनसंख्या 6567 थी, जिसमें पुरुष 3388 और महिला 3179 थे। उसमें भी अनुसूचित जनजाति वर्ग के महज 828 जनसंख्या है और 5739 सामान्य और पिछड़ा वर्ग के लोग निवासरत थे। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर में नगर पंचायत का दर्जा आज तक नहीं मिलने की वजह से ही यहां चारों तरफ गंदगी का आलम है। शांतिनगर, साहू कालोनी के अलावा शहर के बस्ती में न तो कहीं स्ट्रीट लाइट है और ना ही आवश्यकता अनुसार सीसी रोड बन पा रहे हैं। यहां पर गंदे पानी की निकासी के लिए नाली तक नहीं बन पा रही है, और न ही गांव में साफ सफाई हो पा रही है। यहां पर आज भी 80 प्रतिशत की आबादी सामान्य वर्ग, ओबीसी वर्ग हैं और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लगभग 10 से 20 प्रतिशत लोग ही निवासरत हैं। नगर पंचायत बनने से शिवनंदनपुर का चहुंमुखी विकास होगा। उन्होंने बताया कि अगर शिवनंदनपुर को नगर पंचायत नहीं बनाया गया तो मुख्य मार्ग के व्यापारी समेत स्थानीय वार्डों के अन्य लोग मिलकर एक बड़ा आंदोलन करेंगे ताकि जल्द से जल्द शिवनंदनपुर को नगर पंचायत का दर्जा मिल सके।

### रामलला दर्शन के लिए 17 को अंबिकापुर से ट्रेन होगी रवाना

**सूरजपुर।** रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना के तहत सभी राम भक्तों के लिए विशेष ट्रेन 17 जुलाई को अंबिकापुर स्टेशन से रवाना होगी।

अयोध्या की यात्रा के लिए इच्छुक भक्त शासकीय सेवा को छोड़कर जिले के सभी जनपद कार्यालयों अथवा नगरीय निकायों में अपना पंजीयन करा सकते है। गौरतलब है कि भक्तों की आयु की न्यूनतम सीमा 18 एवं अधिकतम 75 वर्ष निर्धारित की गई है।

### हाथी प्रभावित गांवों में किया गया बर्तन का वितरण

**मैनपाट।** हाथी प्रभावित बस्तियों में सामूहिक भोजन बनाने के लिए वन विभाग द्वारा बर्तनों का वितरण किया गया। सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी बिंदेश्वर सिंह के नेतृत्व में विभाग की टीम द्वारा अब तक ग्राम पतरापारा, मोहनाडिहारी, इमलीपारा एवं बरवाली में बर्तन सामग्री का वितरण किया गया है। हाथी प्रभावित अन्य बस्तियों में भी विभाग द्वारा बर्तन व सामग्री का वितरण किया जाएगा। सहायक वन परिक्षेत्राधिकारी बिंदेश्वर सिंह ने बताया कि हाथी प्रभावित बस्तियों में सामूहिक भोजन बनाने के लिए डेग, स्टील ड्रम, बाल्टी, जग, थाली, गिलास, करछुल झारा एवं अन्य सामग्री का वितरण किया जा रहा है। जिन ग्रामीणों का घर हाथियों ने खण्डहर बना दिया है उनके पास न तो खाने के लिए अनाज बचा है न ही रहने का घर। ऐसे परिवारों का भोजन एक स्थान पर एक साथ बनाया जा सके इसकी व्यवस्था वन विभाग कर रहा है।



# रोहित शेट्टी ने साझा की जैकी श्रॉफ के साथ प्यारी तस्वीर...

**नई दिल्ली।** रोहित शेट्टी एक बार फिर अपनी लोकप्रिय सिंघम फ्रेंचाइजी के साथ वापस आ रहे हैं। अजय देवगन सहित कई बड़े सितारों वाली ये फिल्म इस साल दिवाली पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी। रोहित शेट्टी ने 10 जुलाई को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म के सेट से एक तस्वीर साझा की। इस तस्वीर में वह दिग्गज अभिनेता जैकी श्रॉफ के साथ नजर आ रहे हैं। वह काला चश्मा लगाए और काली शर्ट पहने अभिनेता के पीछे खड़े नजर आ रहे हैं। इस दौरान रोहित ने जेब में वॉकी टॉकी भी रखा हुआ है। वहीं, जैकी श्रॉफ डेनिम जैकेट में काला चश्मा लगाए काफी स्टाइलिश लग रहे हैं।



लाइफ Style

# कैटरीना

## जर्मनी की वादियों का ले रही हैं आनंद

मशहूर बॉलीवुड कलाकार कैटरीना कैफ और विक्की कौशल हिंदी सिनेमा के लोकप्रिय कपल हैं। फैंस इन दोनों पति-पत्नी की जोड़ी को काफी पसंद करते हैं। दोनों अक्सर अपने फैंस के साथ तस्वीरें साझा करते रहते हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कैटरीना आखिरी बार पर्दे पर जनवरी 2024 में रिलीज हुई फिल्म मेरी क्रिसमस में साउथ के मशहूर अभिनेता विजय सेतुपति के साथ नजर आई थीं। इसके बाद से ही वह पर्दे पर नजर नहीं आई है। इस दौरान वह सोशल मीडिया पर भी बहुत ज्यादा सकिय नहीं रही हैं। हालांकि, 10 जुलाई को उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया है, जिस पर फैंस काफी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। उनके द्वारा पोस्ट किए गए इस तस्वीर में वह पहाड़, खुला आसमान और प्रकृति की हरियाली से भरी सुदंरता के बीच खड़ी नजर आ रही हैं। इस तस्वीर में वह बेहद खूबसूरत लग रही हैं। वह इस तस्वीर में बिना किसी मेकअप के धारीदार शर्ट और खुले बालों में नजर आ रही हैं। वह इस वक्त जर्मनी के म्यूनिख में हैं। उन्होंने इस तस्वीर को साझा करते हुए लिखा, 'गुड मॉर्निंग।' अभिनेत्री द्वारा पोस्ट साझा करते हुए उनके फैंस ने इस तस्वीर पर प्रतिक्रियाएं देनी शुरू कर दी। उनके इस पोस्ट पर फैंस काफी प्यार बरसा रहे हैं। ऐसे में कटरीना के पति विक्की भी खुद को रोक नहीं पाए और उन्होंने इस तस्वीर पर एक प्यारा कमेंट किया है। उन्होंने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कई दिल वाले इमोजी कमेंट किया।

हॉलीवुड मसाला



# 'अगाथा ऑल...' का टीजर जारी

**नई दिल्ली।** डिज्नी की सीरीज 'अगाथा ऑल अलोंग' का टीजर ट्रेलर जारी हो गया है। कैथरीन इसमें अहम भूमिका में हैं। वह अगाथा की भूमिका में नजर आएंगी। इस सीरीज के पहले दो एपिसोड इस साल सितंबर में डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होंगे। यह इस साल की मार्वल टेलीविजन की बहु प्रतीक्षित सीरीज है। मार्वल ने इसका टीजर और ट्रेलर आधिकारिक रूप से जारी कर दिया है, जो काफी रोमांचक है। टीजर देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि 'अगाथा ऑल अलोंग' हॉरर सीरीज है और हॉरर सीरीज में जो चीजें होनी चाहिए।




# बिक गई लाल सिंह चड्ढा की ओरिजिनल बनाने वाली कंपनी

**लॉस एंजिलिस।** डेविड एलिसन की अमेरिकी प्रोडक्शन स्काईडांस मीडिया ने पैरामाउंट ग्लोबल का अधिग्रहण कर लिया है। स्काईडांस रविवार को इसका ऐलान किया और बताया कि इसके लिए वे करीब 8 बिलियन डॉलर का निवेश करेंगे। कंपनी को रविवार को पैरामाउंट के निदेशक मंडल की एक विशेष समिति से मंजूरी मिली थी। इसके बाद पूरे बोर्ड ने दो-चरणीय लेन-देन की योजना को मंजूरी दी। स्काईडांस का 15 वर्षों का इतिहास है। वह मिशनः इम्पॉसिबल, ट्रांसफॉर्मर्स और टॉप गन सहित कई चर्चित फ्रेंचाइजी में पैरामाउंट के साथ साझेदार के रूप में जुड़ी रही है। स्काईडांस और पैरामाउंट ग्लोबल कई चर्चित फिल्मी प्रोजेक्ट में वित्तीय साझेदार रही हैं। पैरामाउंट ग्लोबल का आमिर खान की फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' से भी कनेक्शन है। दरअसल, 'लाल सिंह चड्ढा' जिस अमेरिकी फिल्म 'फॉरेस्ट गंप' पर बनी है, उस फिल्म को पैरामाउंट ने ही बनाया है।



# प्रकृति के करीब रहने के बताए फायदे

**मुंबई।** अभिनेत्री दीपिका पादुकोण जिंदगी के सबसे खूबसूरत पड़ाव पर हैं। वे गर्भवती हैं। इन दिनों वे अपना खूब ख्याल रख रही हैं और अपने साथ क्वालिटी समय बिता रही हैं। दीपिका पादुकोण इस दौरान अपने शौक पूरे करने के साथ-साथ प्रकृति के करीब भी सुकून के पल बिता रही हैं। उन्होंने एक तस्वीर साझा की है। इसके साथ उन्होंने लोगों को प्रकृति के बीच रहने के लिए प्रोत्साहित किया है। साथ ही धूम्रपान करने वालों के लिए भी एक नसीहत दी है। तस्वीर में बादल, फूल और हरियाली का खूबसूरत नजारा कैद है। इसके साथ दीपिका ने लंबा नोट लिखा है। दीपिका ने लिखा है, 'यह सेल्फ केयर का महीना है! लेकिन, अगर आप हर दिन सेल्फ केयर की छोटी-छोटी कोशिशें करते हैं तो सिर्फ सेल्फ केयर के नाम पर एक महीना ही क्यों मनाएं?'



# 'कल्कि एडी' का मजाक उड़ाना पड़ा भारी

**नई दिल्ली।** नाग अश्विन के निर्देशन में बनी फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और कमल हासन अभिनीत इस फिल्म को देश समेत दुनियाभर के दर्शकों का प्यार मिल रहा है। वहीं, टीवी के भीष्म यानी कि मुकेश खन्ना ने फिल्म को लेकर एक बयान दिया था, जिसके बाद उनकी कड़ी आलोचना होने लगी थी। अब उन्होंने अपने बयान पर सफाई दी है। मुकेश को 'कल्कि 2898 एडी' की समीक्षा में यह कहने के बाद कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा कि यह फिल्म 'पश्चिम के बुद्धिमान लोगों' के लिए बनाई गई है और ओडिशा और बिहार के लोग इसे नहीं समझ पाएंगे। हालांकि, अब उन्होंने अपना बयान स्पष्ट करते हुए कहा है कि उनका ओडिशा और बिहार के लोगों को नीचा दिखाने का कोई इरादा नहीं था।

टीवी मसाला

# जुलाई के आखिरी हफ्ते में शुरू होगा 'खतरों के खिलाड़ी 14'

**नई दिल्ली।** रोहित शेट्टी का रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी टीवी की दुनिया के सबसे पसंदीदा शो में से एक है। इस शो में कंटेस्टेंट को खतरनाक स्टंट परफॉर्म करते देखा जाता है। अब इस शो का अगला सीजन भी जल्द शुरू होने वाला है। रोहित शेट्टी के शो का सीजन 14 को दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। दर्शकों का ये इंतजार जल्द ही खत्म होने वाला है। खतरों के खिलाड़ी का पहला सीजन 2008 में आया था। इस शो के रोहित शेट्टी से पहले अक्षय कुमाप, प्रियंका चोपड़ा और अर्जुन कपूर होस्ट कर सकते हैं। फिल्मी बीट की रिपोर्ट के मुताबिक, खतरों के खिलाड़ी सीजन 14 जुलाई के आखिरी हफ्ते में ऑन एयर हो सकता है। इस शो को आप कलर्स टीवी और जियो सिनेमा पर देख सकते हैं। बता दें, शो का शूट पूरा हो चुका है। इस बार शो रोमानिया में शूट किया गया है। खतरों के खिलाड़ी सीजन 14 में बिग बॉस सीजन 16 के शालीन भनोट, निमृत कौर, बिग बॉस सीजन 17 के अभिषेक कुमार, बिग बॉस सीजन 11 की शिल्पा शिंदे, बिग बॉस सीजन 13 के आसिम रियाज, गश्मीर महाजनी, करण वीर मेहरा, आशीष मल्होत्रा, सुमोना चक्रवर्ती, अदिति शर्मा, नियति फतनानी और टाइगर श्रॉफ की बहन कृष्णा श्रॉफ नजर आएंगी।



# बिग बॉस के घर में डीप नेक कपड़े नहीं पहनेंगी कृतिका!

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी 3 में विशाल, कृतिका और अरमान का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब यूट्यूबर कृतिका मलिक विशाल पांडे से दूरी बनाती हुई दिख रही हैं। हाल ही में अरमान की पहली पत्नी पायल ने विशाल पर आरोप लगाया था कि उसने कृतिका के खिलाफ अनुचित टिप्पणी की है। अब कृतिका ने खुलासा किया है कि उन्होंने विशाल की वजह से घर में लो नेकलाइन के कपड़े पहनने से परहेज कर रही हैं। उन्होंने अपने लो नेकलाइन आउटफिट को अलग रख दिया और घर के अंदर उन्हें नहीं पहनेंगी। वहीं , विशाल के बारे में बात करते हुए कृतिका ने कहा, 'जब तू इतने बड़े प्लेटफॉर्म पर आकर उसके कान में बोल सकता है, तो तू बाहर कैसा इंसान होगा? तू एक भाई, बहन, एक दोस्त के रिश्ते को खराब कर रहा है भाई।



# 'सरफिरा' की एडवांस बुकिंग में हालत खराब, 'इंडियन 2' की तगड़ी कमाई

**मुंबई।** बड़े मियां छोटे मियां के फ्लॉप होने के बाद अब अक्षय कुमार इस साल की अपनी अगली फिल्म थिएटर्स में लाने के लिए तैयार है। उनकी एडवेंचर फिल्म 'सरफिरा' 12 जुलाई को पर्दे पर दस्तक देगी। फिल्म की रिलीज से पहले उसकी एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। लेकिन फिल्म कुछ खास कमाती नजर नहीं आ रही है। रिपोर्ट पर नजर डालें तो 'सरफिरा' ने पहले दिन की एडवांस बुकिंग के लिए अब तक 7 लाख रुपए से ज्यादा कमाए हैं। अक्षय कुमार स्टारर फिल्म ने अब तक 3, 939 टिकट बेचे हैं और इसी के साथ कुल 7.23 लाख रुपए का कारोबार किया है। 'सरफिरा' में अक्षय कुमार के साथ राधिका मदान बतौर लीड एक्ट्रेस नजर आएंगी। फिल्म का मुकाबला बॉक्स ऑफिस पर कमल हासन की फिल्म 'इंडियन 2' के साथ होने वाला है। कमल हासन की फिल्म 'इंडियन 2' का फैंस लंबे समय से इंतजार कर रही है और अब ये 12 जुलाई को रिलीज के लिए तैयार है।



# वकील का किरदार निभा कोर्ट रूम में की दमदार बहस, वर्षों बाद भी लोगों को याद है डायलॉग

**नई दिल्ली।** न्यायपालिका का सबसे अहम भाग हैं वकील। वकील ही हैं जो कोर्ट रूम में बहस करके बेगुनाहों को सजा से बचाते हैं और वकील ही हैं जो अपराधियों को सजा दिलाते हैं। बॉलीवुड ने अपनी कई फिल्मों के माध्यम से वकीलों की जिंदगी और उनकी कार्यप्रणाली को दर्शाया है। हिंदी सिनेमा ने शुरू से ही वकीलों के मजबूत किरदार फिल्मों में गढ़े हैं। आज हम उन सितारों की बात करेंगे जिन्होंने फिल्मों में वकील की भूमिका निभाई है।







**अमिताभ बच्चन** : साल 2016 में आई फिल्म 'पिंक' में अमिताभ बच्चन ने वकील की दमदार भूमिका निभाई है। फिल्म में उन्होंने 'एडवोकेट दीपक' का किरदार निभाया है। इस फिल्म में वह अन्याय के खिलाफ लड़ते हुए दिखाई दिए हैं। हमेशा की तरह अपने अभिनय के लिए उन्हें खूब सराहना मिली।

**करीना कपूर खान** : बॉलीवुड की 'बेबो'यानी करीना कपूर खान भी वकील की भूमिका निभा चुकी हैं। फिल्म 'ऐतराज' में वह अपने पति को बचाने के लिए वकील बनी थीं। फिल्म में करीना ने जोरदार बहस की थी और अपने पति को गलत इल्जाम से बचा लिया था।

**सनी देओल** : सनी देओल की फिल्म 'दामिनी'तो याद ही होगी आप सबको, इस फिल्म में वकील की भूमिका में सनी देओल ने धमाल मचा दिया था। कोर्ट रूम में बोला गया सनी देओल का डायलॉग आज भी लोगों को याद है। सनी देओल के प्रशंसक इस फिल्म को नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**रानी मुखर्जी** : अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने फिल्म 'वीर-जारा' में एडवोकेट सामिया सिद्दीकी का रोल निभाया है। अभिनेत्री के किरदार को इस फिल्म में काफी पसंद किया गया था। इस फिल्म को प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है।



# बॉक्स ऑफिस पर छह महीने से हैं सूखे के हालात

## बारिश की फुहार बनकर आई है 'कल्कि 2898 एडी'

*मुंबई। पिछले छह महीने से बॉलीवुड के बॉक्स ऑफिस पर सूखे वाले हालात हैं। इस सूखे में 'कल्कि 2898 एडी' बारिश की फुहार सी बनकर आई है। यूं तो मूल रूप से यह बॉलीवुड की फिल्म नहीं है। लेकिन, इसमें बॉलीवुड के बड़े सितारे जरूर हैं। पैन इंडिया स्तर पर रिलीज हुई इस फिल्म का हिंदी वर्जन ठीकठाक है। हालांकि, हिंदी पट्टी में भी यह फिल्म जैसा प्रदर्शन कर रही है, क्रिटिक्स उसे भी संतोषजनक नहीं मानते है और उनके मुताबिक इसकी अपनी वजह हैं। ता वर्ष 2023 बॉलीवुड के लिए काफी शानदार रहा। पहले ही महीने में शाहरुख खान की 'पठान' के साथ जबर्दस्त बोहनी हुई और फिर यह सिलसिला चला तो चलता ही गया। आखिरी महीने में रणबीर कपूर की 'एनिमल' तक बॉक्स ऑफिस पर दहाड़ बरकरार रही। लेकिन, तुलनात्मक रूप से देखें तो यह साल कुछ नीरस सा है। 2024 के छह महीने ऐसे ही बीत गए और सातवां महीना भी बस बीत ही रहा है। कोई ऐसी फिल्म नहीं आई, जिसने धमाका किया हो। हालांकि, बॉलीवुड में अब तक रिलीज हुई फिल्मों में 'कल्कि 2898 एडी' का हिंदी वर्जन ही कुछ ठीकठाक जाता दिख रहा है। कुछ क्रिटिक्स का मानना है कि निर्माताओं की प्रमोशन रणनीति बेहतर होती तो हिंदी पट्टी में फिल्म और कमाल कर सकती थी।*

*ट्रेड विशेषज्ञों का कहना है कि बीते छह माह बॉलीवुड के लिए काफी बुरे रहे हैं। ऐसे में 'कल्कि' के हिंदी डब वर्जन ने लाज बचाई है। अमिताभ बच्चन, प्रभास, कमल हासन और दीपिका पादुकोण अभिनीत इस फिल्म के हिंदी डब वर्जन से हिंदी पट्टी में 300 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की उम्मीद है। कुल मिलाकर, तेलुगु, तमिल और मलयालम में भी फिल्म ने अब तक वर्ल्डवाइड कुल 900 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की है। बता दें कि 'कल्कि 2898 एडी' मुख्य रूप से तेलुगु फिल्म है। हालांकि, क्रिटिक्स का ये भी मानना है कि अगर निर्माताओं ने प्रमोशन रणनीति ठीक बनाई होती तो हिंदी पट्टी में 'कल्कि' और बेहतर कर सकती थी।*




*इस साल रिलीज हुईं बॉलीवुड की अन्य फिल्मों का हाल काफी निराशाजनकर रहा है। आंकड़ों के मुताबिक अजय देवगन की 'मैदान' करीब 235 करोड़ रुपए में बनाई गई, लेकिन इसने भारत में सिर्फ 63 करोड़ रुपए कमाए हैं। वहीं, 'बड़े मियां छोटे मियां' को 350 करोड़ रुपए में बनाया गया, लेकिन यह सिर्फ 110 करोड़ का ही कारोबार कर पाई। करीब 55 करोड़ रुपए के बजट में बनी 'योद्धा' भी कमाई में 42 करोड़ रुपए पर सिमट कर रह गई। हालांकि, अजय देवगन और आर माधवन की 'शैतान' ने जरूर 147 करोड़ रुपए की कमाई के साथ कुछ बेहतर किया। इसी तरह राजकुमार राव की 'श्रीकांत' ने भी 47 करोड़ रुपए कमाए।*

*बॉक्स ऑफिस पर इस साल रिलीज हुईं मेगा बजट फिल्में 'बड़े मियां छोटे मियां', 'योद्धा' और 'मैदान' जैसी फिल्में असफल रही हैं। ऐसे में इंडस्ट्री के ट्रेड विशेषज्ञ मानते हैं 'कल्कि 2898 एडी' के हिंदी संस्करण की सफलता को इस साल इंडस्ट्री में अंधेरे में एक रोशनी की किरण मान रहे हैं। इंडस्ट्री के छह महीने के रिपोर्ट कार्ड के अनुसार हिंदी सिनेमा एग्जिबिशन सेक्टर का कारोबार 20-30 प्रतिशत कम हुआ है।*

# 'अल्फा' के सेट पर स्पॉट हुईं आलिया

**मुंबई।** अभिनेत्री आलिया भट्ट इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'अल्फा' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। अब अभिनेत्री को फिल्म के सेट पर स्पॉट किया गया है। सामने आई तस्वीरों में अभिनेत्री कड़ी सुरक्षा वाले सेट से बाहर निकलते हुए दिखाई दे रही हैं। अभिनेत्री ने सफेद और नीले रंग की ड्रेस पहन रखी है। हालांकि, तस्वीर में अभिनेत्री का जो लुक दिख रहा है वह उनकी फिल्म का नहीं है। वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स फिल्म 'अल्फा'में आलिया मुख्य भूमिका निभा रही हैं। आलिया भट्ट को पहली महिला प्रधान वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स फिल्म में मुख्य भूमिका में कास्ट किया गया है। वह इस फिल्म में एक सुपर एजेंट की भूमिका निभा रही हैं। इसका निर्देशन शिव रवैल कर रहे हैं। शिव रवैल ने इससे पहले नेटफ्लिक्स की सीरीज 'द रेलवे मेन'का निर्देशन किया था, जो भोपाल गैस त्रासदी की घटनाओं से प्रेरित थी।



## यशस्वी जशपुर व शिक्षकों की मेहनत से प्रदेश में अव्वल

# अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए बेहतर प्रबंधन के साथ कार्य करें : सीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

जिला कलेक्टर डॉ रवि मित्तल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन हेतु यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के अंतर्गत बीईओ, एबीईओ, बीआरसीसी, प्राचार्य , सीएससी, छात्रावास अधीक्षक एवं विषय शिक्षकों के लिए आयोजित एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आज प्राचार्यो के प्रशिक्षण के साथ जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार भटनागर की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ।

सी.ई.ओ. अभिषेक कुमार ने प्राचार्यों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को अध्ययन के अलावा अन्य गतिविधियों खेलकूद, एडवेंचर स्पोर्टस ,संगीत, नृत्य, आदि में सम्मिलित करें । आंध्रप्रदेश के विद्यालयों का उदाहरण देते हुए इसके लिए प्रोत्साहित करने की बात उन्होंने कही। इसके लिए वार्षिक कैलेण्डर बनाने और वार्षिक





प्रतियोगिताएं भी आयोजित कराने को कहा। प्राचार्यों से उन्होंने फीडबैक भी लिया । कक्षा अध्यापन में शिक्षक कैसे रूचि लें ? इस विषय पर उनसे सुझाव लिए । प्राचार्यों को शिक्षको के द्वारा अध्यापन के दौरान कभी-कभी कक्षा कमरे में जाकर बैठने को भी कहा । उन्होंने यह भी कहा कि आमतौर पर बच्चों को शिक्षकों और प्राचार्य से किसी विषय पर बातचीत करने में संकोच होता है। इसे दूर करने के लिए यह आवश्यक है कि बच्चों के साथ संवाद का कार्यक्रम विद्यालय में प्रत्येक सप्ताह समय निर्धारित करते हुए आयोजित किया जाना चाहिए। विषय शिक्षकों को अध्यापन में इनोवेटिव कान्सेप्ट्स भी शामिल करना चाहिए । जिला शिक्षा अधिकारी पी.के. भटनागर ने स्कूल वातावरण अच्छा, शिक्षकों को अपडेट और प्राचार्यो को विद्यालय प्रबंधन बेहतर ढंग से करने की बात कही ।

प्राचार्यो का यह उन्मुखीकरण प्रशिक्षण यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता के द्वारा दिया गया। यह उन्मुखीकरण प्रशिक्षण आज प्राचार्यो के प्रशिक्षण के साथ प्रारंभ हुआ है। प्रशिक्षण में संकल्प के प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता ने ब्रेन स्टोर्मिंग, नई शिक्षा नीति की जानकारी, प्रश्न पत्र हल करने के स्मार्ट तरीके पर चर्चा, टीएलएम आधारित शिक्षण, शिक्षण में प्रोजेक्टर की उपयोगिता, कैरियर एवं गाईडेंस, उपचारात्मक शिक्षण हेतु शिक्षकों का एक्शन प्लान पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। उपचारात्मक शिक्षण की रणनीति एवं क्रियान्वयन, अच्छे परिणाम वाले शिक्षकों के विचार, विषय के अध्यापन के दौरान आने वाली कठिनाईयों एवं उपचारात्मक शिक्षण पर उन्होनों प्राचार्यो से चर्चा भी की और उनका फीडबैक भी लिया।



## स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग के लिए एसएलआरएम की बैठक

**जशपुरनगर।** नगर पालिका परिषद को स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में अच्छी रैंकिंग के लिए एसएलआरएम सेंटर के स्वच्छता दीदियों के साथ बैठक कर डोर टू डोर कचरा कलेकशन, गीला एवम् सुखा को अलग अलग कर घरों से कलेक्शन करने के लिये जोर दिया गया।

सफाई दीदियों को कचरा नहीं देने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करना, यूजर चार्ज वसूली करना, शहर के लोगो को जागरूक करना की कचरा बाहर न फेके, कचरा कलेक्शन करने वाली सफाई दीदियों को ही दे। साथ ही स्कूल कालेजों में भी स्वच्छता सर्वेक्षण के प्रति जागरूक करना शहर के, समूह के दीदियों को सफ़ाई अभियान से जोड़कर जन जागरूकता लाने के प्रयास करते हुए लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना। साथ ही साथ एसएलआरएम सेंटर के कार्यरत सफाई दीदियों की समूह में चुनाव कर राखी सिंह को अध्यक्ष, बुधनी भगत सचिव, सीता रजक उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष पुष्पा भगत, को सर्व सम्मति से चुना गया इस अवसर पर राधेश्याम रामअध्यक्ष नगरपालिका, उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, योगेश्वर उपाध्याय सीएमओ, टीआर यादव लेखापाल, जागेश्वर चौहान, संत महतो डीपीएम, बद्री पटेल पीआईयू, सहित निकाय के कर्मचारी एवम् समस्त स्वच्छता दीदी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### जगन्नाथ रथोत्सव में सांसद राठिया शामिल

**तमनार।** देशभर में भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की रथ यात्रा धूमधाम से मनाई जा रही है। रायगढ़ जिले के घराघोडा जनपद के कुरकुट नदी के गोद मे बसे आदिवासी बाहुल्य ग्राम छर्राटांगर में सांसद राठिया ने परिवार के साथ भगवान जगन्नाथ, बलराम, सुभद्रा माई की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों रथ गाड़ी में विराजते ही सैकडो श्रद्धालुओं की दर्शन करने तांता लग रहा। छर्राटाँगर इनामी रथ नृत्य में नृत्यक दल छर्राटांगर, मौहापाली, कठरापाली औराईमुडा, आमापाली के हजारो के संख्या में कलाकारों ने मांदर झांझ की थाम में मनमोहक प्रस्तुति से गदगद हुए। सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि रथयात्रा बरसो से ऐतिहासिक मनाते आ रहे है। इनामी रथ नृत्यक दलों को नगद राशि देकर सम्मानित किया जाता है।

### शिक्षकों की उपस्थिति की निगरानी के निर्देश

**रायगढ़।** कलेक्टर श्री गोयल ने स्कूलों में शिक्षकों की डेली अटेंडेंस और समय में उपस्थिति की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो शिक्षक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित है या देर से आते है उन पर नियमानुसार कार्यवाही करें। इसमें कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी स्कूलों में हर माह यूनिट टेस्ट कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टेस्ट रिजल्ट का एनालिसिस करें, जिससे बच्चों के रिजल्ट को सुधारने के लिए आगे की रणनीति तैयार की जा सके। इसके साथ ही पूर्व में दिए निर्देशों के अनुसार स्कूलों में सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता कराने के लिए भी निर्देशित किया।

### चक्रधर समारोह के लिए डिजाइन समिति गठित

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं चक्रधर समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष कार्तिकेया गोयल ने 39 वें चक्रधर समारोह के सफल आयोजन के लिए ब्रोशन, निमंत्रण पत्र, पोस्टर, बैनर एवं स्मृति चिन्ह के चयन एवं डिजाइन कार्य आर्ट एवं डिजाइन समिति का गठन किया है। गठित समिति में आयुक्त नगर पालिक निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी को अध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह गठित समिति में डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी सौरभ कुमार, सीएससी मैनेजर रवि सिंह, प्रो. अम्बिका वर्मा, मनोज श्रीवास्तव, नटवर सिंघानिया एवं कमल किशोर शर्मा को सदस्य बनाये गये है।

### बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 14 को

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 14 जुलाई को बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने परीक्षा के सफल संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा मोबाइल नंबर 77468.59383 को नोडल अधिकारी एवं सहायक परियोजना समन्वयक शिक्षा मिशन भुवेनश्वर पटेल मोबाइल नंबर 70000.81311 को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### अंडर 23 की क्रिकेट टीम घोषित राजधानी में होगा स्टेट ट्रायल

**रायगढ़।** बीसीसीआई के निर्देश पर सीएससीएस के द्वारा आदेशित किए जाने पर जिला क्रिकेट संघ द्वारा अंडर 23 टीम का ट्रायल लेकर टीम की घोषणा की गई। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि चयनकर्ता पंकज बोहिदार एवं अभिषेक गुप्ता के निर्देशन में गेंदबाजी एवं बल्लेबाजी का आंकलन कर टीम की घोषणा की गई। जो इस प्रकार है। आलोक दुबेए अमन यादव, अजहरूल कादरी, चिराग सिंह, धनेश्वर उरांव, दुष्यंत चौहान, हासिम कुरैशी, कमलेश यादव, मचंक सिदार, मोहसीन अहमद, राजकुमार निशाद, राम मिश्रा,सागर यादव, शुभम पैंकरा व तुषार शर्मा शामिल हैं।

## 10 सूत्रीय मांगों को लेकर तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने घेरा कलेक्टोरेट

लंबित मांगों को पूरा करने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

10 सूत्रीय मांगों को लेकर तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने बुधवार को कलेक्टोरेट का घेराव करते हुए मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान लगभग सभी विभाग के तृतीय वर्ग कर्मचारी उपस्थित रहे।

कर्मचारियों ने बताया कि केन्द्र के कर्मचारियों एवं पेंशनरो को वर्तमान में 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्राप्त हो रहा है, जबकि राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनरो को 46 प्रतिशत मंहगाई भत्ता प्राप्त हो रहा है फलस्वरूप केन्द्र सरकार द्वारा जारी आदेश दिनोंक से मंहगाई भत्ता में 4 प्रतिशत की वद्धि, केन्द्रीय कर्मचारियों एवं अविभाजित की भांति छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों को भी 240 दिन के स्थान पर 300 दिन का अवकाश नगदीकरण आदेश जारी करने, पिंगुवा समिति का गठन शिक्षक लिपिक स्वास्थ्य एवं अन्य




संवर्गों के कर्मचारियों की वेतन विसंगति दूर करने, तथा इन सभी संवर्गों के वेतन विसंति सुधार हेतु शीघ्र सार्थक कार्यवाही करने, लिपिकों के अनुकम्पा नियुक्ति में दिये गए शर्तों के पालन हेतु दक्षता परीक्षा 6 माह में आयोजित किये जाने संबंधी आदेश जारी करने, प्रदेश के सभी संवर्गों के कर्मचारियों का लम्बित पदोन्नति प्रक्रिया हेतु पुनश्च निर्देश जारी करने, प्रदेश के सभी संवर्गों के अधिकारी ६ कर्मचारियों को सेवाकाल में चार स्तरीय वेतनमान संबंधी आदेश शीघ्र जारी करने, कर्मचारी समस्याओ के निराकरण हेतु आयोजित परामर्शदात्री समिति की बैठक निर्धारित समयावधि में किये जाने हेतु निर्देश पुनश्च जारी करने, संघो को अविभाजित मध्यप्रदेश की भांति स्थाई मान्यता जारी करने तथा जिलाध्यक्ष कार्यालय के समक्ष पूर्व धरना स्थल को यथावत रखा जाने संबंधी मांग की है।

## 8 जुआरियों से 12 हजार रूपए जब्त छापेमार कार्रवाई में आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** सीएसपी आकाश शुक्ला के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर जूटमिल, कोतवाली व कोतरा रोड पुलिस की टीम ने जुआ खेल रहे 8 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 11 हजार 800 रूपए बरामद करते हुए जब्त किए गए है। बता दें कि गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी इससे पहले भी कई बार जुआ एक्ट के तहत की गई कार्रवाईयों में गिरफ्तार हो चुके हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 9 जुलाई को नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला के नेतृत्व में थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज एवं थाना कोतवाली, जूटमिल, कोतरारोड की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुखबीर सूचना पर गढ़उमरिया पुराना सीमेंट फैक्ट्री के पास जुआ की सूचना पर घेराबंदी कर छापेमार कार्रवाई की गई। जहां पुलिस ने 08 जुआरियों को जुआ खेलते पकड़ा, जिनके फड से कुल 11 हजार 800 तथा 52 पत्ती ताश की गड्डी सहित अन्य सामान बरामद कर जब्त किया गया। थाना जूटमिल में जुआरियों के विरुद्ध जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3 के तहत कार्यवाही की गई। साथ ही आरोपियों के कृत्य पर पृथक से धारा 170 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है । गिरफ्तार किए गए आरोपियों में हिमांशु साव पिता सुरेन्द्र साव उम्र 24 साल निवासी मल्दा थाना पुसौर, दीपक कुमार सोनी पिता कमल किशोर सोनी उम्र 36 वर्ष निवासी धांगरडीपा, कमल प्रसाद पिता सहमतराम सिदार उम्र 25 वर्ष निवासी किरोडीमल नगर थाना कोतरारोड, कृष्णा मिश्रा पिता सुखदेव मिश्रा उम्र 29 वर्ष निवासी विजयपुर, अनिल कुमार सोनी पिता रघुनाथ सोनी उम्र 48 वर्ष निवासी बैकुण्ठपुर, मोहम्मद अंसारी पिता मोहम्मद मुखतार उम्र 51 वर्ष निवासी दुर्गापारा, अनिल देवांगन पिता तीजराम देवांगन उम्र 38 वर्ष निवासी चकघरनगर, मोहम्मद शहजादा पिता मोहम्मद खादीर उम्र 34 वर्ष निवासी बाघतालाब शामिल हैं।

## संकल्प शिक्षण संस्थान कुनकुरी में मनाया गया प्रवेश उत्सव

**जशपुरनगर।** संकल्प शिक्षण संस्थान कुनकुरी में नवप्रवेशी बच्चों के विद्यालय प्रवेश के अवसर पर प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत जशपुर के उपाध्यक्ष सह जिला शिक्षा समिति अध्यक्ष उपेंद्र यादव, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य अनिता सिंह, गणमान्य अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष ग्रामीण संतोष सहाय, भाजपा मंडल अध्यक्ष शहर श्रीनायक मिश्रा, जिला किसान मोर्चा उपाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, जिला कार्य समिति सदस्य सुनील राय, मंडल महामंत्री कुनकुरी शहर राजकुमार गुप्ता, विकास खंड शिक्षा अधिकारी एसआरसाव सहित व्याख्याता सुधीर सिन्हा, भाजपा मंडल कायकर्ता अभिषेक अग्रवाल, अधिवक्ता रितेश नायक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में नवप्रवेशी कक्षा नवमी के बच्चों को तिलक लगाकर, पाठ्य पुस्तकें दी गईं एवम मुंह मीठा कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उपेन्द्र यादव ने बच्चों से सभी कठिनाइयों से लड़कर



उत्तम शिक्षा प्राप्त करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि श्रीमती अनिता सिंह ने भी बच्चों को शिक्षा का महत्व बताया और पूर्ण मनोयोग से अध्ययन करने को कहा। विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसआर साव ने भी बच्चों को प्रेरक उद्बोधन दिया। विद्यालय की संकल्पना एवं उपलब्धियों पर एक प्रतिवेदन प्राचार्य वाईआर कैवर्त ने प्रस्तुत किया। संस्थान के बच्चों ने इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर संस्थान के छात्र रत्नेश प्रधान को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं की परीक्षा में राज्य प्रावीण्य सूची में छठवां स्थान प्राप्त करने पर उपहार देकर सम्मानित किया गया।

## प्रधानमंत्री आवास योजना: बेघर नागरिकों को मिल रहा खुद का घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

भारत के सभी बेघर नागरिकों को केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर दिया जाता है, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत, जिन लोगों के पास अपना खुद का घर नहीं है, सरकार उन्हें वित्तीय सहायता देकर घर बनाने में मदद करती है।

प्रधानमंत्री आवास योजना का मुख्य लक्ष्य था कि गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले हर परिवार को अपना खुद का घर होना चाहिए ताकि वे किराया पर घर नहीं लेना पड़े। भारत सरकार के इसी उददेश्य को पूर्ण करने की दिशा में छत्तीसगढ़ में भी राज्य शासन द्वारा महत्वकांक्षी योजनाओं को शत प्रतिशत पूर्ण करने में कोई कसर नहीं छोड़ा है। नगरों व ग्रामीण इलाकों में रहने वाले निर्धन लोगों को उनकी क्रयशक्ति के अनुकूल प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर प्रदान किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में जशपुर जिले के दुललदुला विकासखण्ड के ग्राम दुलदुला निवासी केश्वर राम को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवास मिली है। जब इन्हें आवास मिली तो इन्होंने



इस योजना की महत्व को समझते हुए आवास को बड़ी ही उत्सुकता लगन के साथ अनुदान राशि और स्वयं के पास के बचत राशि को मिला कर सुंदर एवं समय पर पक्का आवास बनाया है। जिससे शासन की महत्वकांक्षी योजनाओं को शत प्रतिशत पूर्ण कर ग्राम पंचायत एवं शासन का सहयोग कर गौरन्वित का कार्य किया है। केश्वर के परिवार में इनकी पत्नी जुगनी बाई 51 वर्ष, 1 पुत्र और 2 पुत्री निवासरत है। केश्वर का आवास 2019-20 का आवास स्वीकृत जो कि अब पूर्ण हो चुका है। पक्का आवास बन जाने से अब केश्वर का परिवार भयमुक्त और खुशाल जीवन यापन कर रहे है। इनका परिवार एक छोटा सा कच्चा एवं जर्जर मकान में परिवार के साथ मजदूरी एवं खेती का कार्य करके अपना परिवार का भरण पोषण करते है, कच्चे मकान में अपने पत्नी और बच्चों के साथ मुश्किल से जीवन यापन कर रहे थे। इनका पुराना घर मिट्टी एवं जर्जर स्थिति में था। जिसमें कई प्रकार की परेशानियों के साथ कच्चे मकान में अपने परिवार के साथ निवास करते थे। जैसे बारिश के मौसम में छत से पानी टपकना, जमीन पर सिलन आना, हर साल घर के छत के लकड़ी को बदलना और जहरीली जीव जंतु से डर का भय बना रहता था। केश्वर राम पेशे से कृषक है, खेती के समय पर खेती करते हैं, और खेती का कार्य समाप्त होते ही मजदूरी का कार्य करके अपने परिवार का भरण पोषण कर खुशी से जीवन यापन करते हैं। इन्हें स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय, उज्जवला योजना के तहत गैस एवं अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ ले रहे है और प्रधानमंत्री को धन्यवाद दे रहे हैं। इनके द्वारा प्रधानमंत्री आवास के अनुदान में मिली राशि और स्वयं की बचत की राशि मिला करके पक्का मकान बना लिया। जिसमें आज खुशी के साथ बिना किसी भय के साथ निवास कर रहे है।

## सीजी बीएससी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा 14 जुलाई को

जशपुर के 3 केंदों में जिले के 1379 उम्मीदवार होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल की ओर से बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा का आयोजन 14 जुलाई 2024 रविवार को राज्य के 32 जिला मुख्यालयों में किया जाएगा। लिखित परीक्षा उम्मीदवारों को राज्य भर के विभिन्न नर्सिंग पाठ्यक्रमों जैसे नर्सिंग एप्टीट्यूड, फिजिक्स, केमिस्ट्री, बॉटनी, जूलॉजी और इंग्लिश से 100 अंकों के 100 ऑब्जेक्टिव टाइप सवाल पूछे जाएंगे। इन सवालों को हल करने के लिए 2 घंटे 15 मिनट का समय दिया जाएगा। परीक्षा समय पूर्वाह्न 10:00 से 12;15 बजे तक निर्धारित की गई है। जशपुर जिले में 3 केंद्र बनाए गए है जिसमें जिले के 1379 उम्मीदवार शामिल होंगे। यहां जशपुर नगर स्थित शासकीय राम भजन राय एनईएस कॉलेज, गर्ल्स कॉलेज और स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिले के नोडल अधिकारी श्री विश्वासराव मस्के ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने हेतु ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए है। परीक्षा में ड्यूटी के लिए नियुक्त सभी अधिकारियों एवं सभी परीक्षा केन्द्र के ऑब्जर्वर को परीक्षा की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए वांछित उपाय और शक्ति बरतने के निर्देश भी दिए गए है। सभी परीक्षा केन्द्र में फ्लाइंग स्क्वाड सहित पुलिस बल भी तैनात किए जाएंगे।

### उम्मीदवार इस बातों का रखे ध्यान

सीजी बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा में शामिल होने से पहले उम्मीदवार एडमिट कार्ड में दिए सभी दिशा निर्देशों को एक बार ध्यान से जरूर पढ़ लें। परीक्षा के दिन उम्मीदवारों को प्रारंभ समय से कम से कम एक घंटे पहले अपने संबंधित केंद्रों पर पहुंचना होगा। एडमिट कार्ड एक आवश्यक दस्तावेज है इसके बिना परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मूल फोटो आईडी प्रमाण जैसे मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, आधार कार्ड या पासपोर्ट इनमें से कोई एक आईडी अवश्य लेकर जाएं। आईडी प्रमाणों की फोटोकॉपी स्वीकार नहीं की जाएगी, और मूल पहचान के बिना परीक्षा केंद्र में प्रवेश से इनकार कर दिया जाएगा। परीक्षा केंद्र से संबंधित किसी भी समस्या के लिए, उम्मीदवार हेल्पलाइन 0771-2972780 या मोबाइल नंबर 8269801982 पर संपर्क कर सकते हैं।

## भुगतान के अभाव में ठेकेदारों में रोष, आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**रायगढ़।** नगर निगम में भुगतान समय पर नहीं होने सहित अन्य परेशानियों को लेकर ठेकेदारों ने निगम आयुक्त के नाम ईई को ज्ञापन सौंपा है। निगम ठेकेदारों का कहना है कि काम होने के बाद समय पर बिल नहीं बनाए जाते है जिससे भुगतान समय पर नहीं होता है। इससे काम करने में काफी परेशानी हो रही है। ठेकेदारों ने व्यवस्था में सुधार लाने निगम प्रशासन को तीन दिन का अल्टीमेटम दिया है यदि सुधार नहीं होता है तो उन्होंने काम बंद कर हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है।

नगर निगम में लोक कर्म विभाग के अधिकारियों व ठेकेदारों के बीच विगत कई माह से खींचतान जैसी स्थिति बनी हुई है। निगम के ठेकेदार संघ के पदाधिकारी अध्यक्ष अनिल डालमिया के नेतृत्व में अपनी समस्याओं को लेकर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपने सोमवार को कार्यालय पहुंचे। वहीं आयुक्त सुनील चन्द्रवंशी के नहीं रहने पर कार्यपालन अभियंता एके लोहिया को उन्होंने ज्ञापन सौंपते हुए अपनी समस्याओं से अवगत कराया। ठेकेदारों ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि काम का बिल समय पर नहीं बनाया जाता है जिससे भुगतान में देरी होती है। इसके अलावा पूर्व में हुए कार्यों का बिल बनने के बावजूद कई ठेकेदारों का आज पर्यंत भुगतान नहीं हो पाया है जिससे उन्हें आगे काम करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदार संघ के अध्यक्ष अनिल डालमिया ने कहा कि नगर निगम में काफी लचर व्यवस्था है जिसका खामियाजा ठेकेदारों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि तीन दिनों के भीतर व्यवस्था में सुधार नहीं किया जाता है तो हम काम बंद कर हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे।



### समस्या का होगा निराकरण

ठेकेदारों द्वारा ज्ञापन के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई है उनकी जांच कर समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। वहीं भुगतान रूक नहीं रहा है लेकिन किसी किसी मद में राशि नहीं होने की स्थिति में कुछ काम के भुगतान में विलंब हो रहा है उसे भी जल्द पूरा कर दिया जाएगा।

**-एके लोहिया**, कार्यपालन अभियंता

## पत्नी ने की मायके जाने की जिद तो पति ने पीटकर ली जान

**रायगढ़।** बीते 8 जुलाई को थाना चक्रधरनगर में टीवी टावर पेट्रोल पंप के पास रहने वाले प्रेम कुमार राठिया 28 साल द्वारा उसके साथ रिलेशनशीप में रह रही महिला केवरा सारथी ऊर्फ संध्या उम्र 40 वर्ष की आकस्मिक मौत के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराया। प्रेम राठिया ने बताया कि केवरा बाई का पति छोड़ देने से करीब 5 साल से दोनों पति पत्नी की तरह रहते हैं । 07 जुलाई के शाम दोनों घर में खाना पीना किये और सो गये, सुबह केवरा बाई नहीं उठी। प्रेम राठिया ने केवरा बाई कि मौत शराब पीने से होना बताया। थाना



चक्रधरनगर में आकस्मिक मौत की सूचना दर्ज पर मर्ग कायम कर मृतिका नव विवाहित होने से चक्रधरनगर पुलिस द्वारा मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में मर्ग जांचए पंचनामा कार्यवाही कर गवाहों के कथन लिए गए तथा पीएम रिपोर्ट प्राप्त किया गया। पीएम रिपोर्ट में मृतका के सिरए पेट में अंदरूनी चोट आने से अत्यधिक खून निकलना और मृत्यु की प्रकृति हत्यात्मक होना लेख किया गया। तत्काल चक्रधरनगर पुलिस द्वारा प्रथम संदेही प्रेम कुमार राठिया को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ किया गया जिसमें उसने बताया कि 7 जुलाई के शाम दोनों पति पत्नी खाना पीना साथ में किये रात्रि करीब 11 बजे केवरा सारथी उर्फ संध्या काफी दिन से मायके नहीं गई हूं कहकर रात में ही उसके मायके ग्राम केनसरा, पुसौर जाने की जिद कर रही थी। जिसे दूसरे दिन चले जाना कह कर बोला।

## पेज 1 का शेष

### बेवफा निकाला मानसून...

पिछले एक हफ्ते से रोजाना धूप निकल रही है शाम के समय बादलों के आना भी होता है तो बिना पानी के सुखा सुखा। किसानों की चिंता है की साल की एक फसल ही लेते थे लेकिन इस वर्ष ये भी नसीब नही है। किसानों का का कहना है कि बिना पानी खेती कैसे होगी। खेत तो अभी भी सूखे है जशपुर की खरीफ की खेती में लगभग एक महीने की देरी हो चुकी है। सारे मौसम विज्ञानियों का पूर्वानुमान का आंकड़ा फेल हो चुका है। न जाने कब तेज बारिश होगी और न जाने कब खेती की शुरुआत करेंगे जशपुर के किसान। जिले के जलाशयों ने भी इतना पानी नही है कि जलासय के सहारे खेती की जा सके। जिला मुख्यालय से लगे ग्राम बाधिमा के किसान मंगरू राम का कहना ही कि मानसून की बेरुखी ने तो हम किसानो की नींद और दिन का चैन छीन गया है अभितक एक इंच जमीन पर भी खेती सुरू नही किए है। एक महीन तो लेट हो ही गया है भगवान जाने आगे क्या होगा। खेद राम का कहना है कि मैं एक छोटा किसान हूं मेरे पास केवल एक एकड़ खेत है लेकिन उसी के खेती से। पूरे परिवार का भरण पोषण होता है उसी से शादी ब्याह बछेली पढ़ाई लिखाई नातेदारी, रिश्तेदारी सब कुछ होता है। अब क्या होगा बरसात तो नही हो रही है।

### 52 पत्ती के साथ...

में जुआ खेलने की मुखबिर से सूचना मिलने पर उन्होंने तत्काल एसडीओपी पत्थलगांव ध्रुवेश कुमार जायसवाल व थाना प्रभारी विनित पाण्डेय के नेतृत्व में टीमों का गठन कर आरोपियों की गिरफ्तारी व वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निर्देश के परिपालन में पुलिस टीम मुखबिर के बताए अनुसार ग्राम पतरापाली छिंदबहरी जंगल में पहुंचकर कुछ लोगों को जुआ खेलते देख घेराबंदी कर रही थी। इस दौरान जुआरी पुलिस को देखकर इधर-उधर भागने लगे। पुलिस ने उन्हें द्वारा दौड़ाकर पकड़ा। पुलिस ने गिरफ्त में आए 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से जुआ का नगदी रकम 37,700 रूपए (सैंतीस हजार सात सौ रूपए), 52 पत्ती ताश व 01 नग बेडशीट जब्त किया। पुलिस ने आरोपी छोटू निशाद उम्र 19 साल निवासी अनुपपुर मध्य प्रदेश, विवेक सोनी उम्र 27 साल निवासी राजपुर जिला बलरामपुर, अंकुर श्रीवास्तव उम्र 26 साल निवासी राजपुर जिला बलरामपुर, अशोक सोनी उम्र 38 साल निवासी तमता थाना पत्थलगांव व विजय कुमार तिवारी उम्र 33 साल निवासी अनुपपुर मध्य प्रदेश का कृत्य धारा 3(2) जुआ एक्ट का पाए जाने पर आरोपियों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की है।

टॉप इन जशपुर

ADMISSION GUIDENS 2024-25

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 01 | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 02 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 03 | BPT (बेचलर ऑफ फिजीयो थैरेपी) | 4 Year | 12th Bio |
| 04 | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 05 | D. PHARMA | 2 Year | 12 thBio&Maths |

Gurukripa paramedical college
Nehru Chowk Bilaspur
Mo.7000421146